कार्यालय – जिला एवं सेशन न्यायाधीश, प्रतापगढ़ (राज.)

Telephone/Fax– *01478-223755* :: E-mail- **dc-pra-rj@nic.in**

क्रमांक : स्थापना / 2023 / 171 दिनांक –22.11.2023

–:: विज्ञप्ति ::–

न्यायक्षैत्र प्रतापगढ़ में रिक्त चल रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदों में से लगभग 10 पदों को पुर्णतः अस्थाई आधार पर भरे जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पत्रांक जी / आई / ए–4 (आई)(ए)55 / 16 / 36 दिनाक 17–01–2023 में प्रदान किए गए निर्देशों के अनुसरण में यह नियुक्ति निम्न प्राथमिकता के क्रम में की जानी है :–

a) न्याय विभाग से सेवानिवृत कर्मचारीगण की सेवाएं। इनके उपलब्ध न होने की स्थिति में राज्य सरकार के विभागों से सेवानिवृत कर्मचारियों की सेवाएं।
b) राज्य सरकार के अन्य विभागों / पीएसयूएस से डेपूटेशन अथवा रिवर्स डेपूटेशन पर उपलब्ध कर्मचारीगण की सेवाएं।
c) Rexco के माध्यम से कार्मिकों की सेवाएं।
d) होम गार्ड कार्मिकों की सेवाएं।

उक्त पदों पर सेवाओं के फलस्वरुप पारश्रमिक राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों / विनियमों के तहत देय होगा। कर्मचारीगण का चयन उक्त वर्णित प्राथमिकता के क्रम में किया जावेगा। डेपूटेशन अथवा रिवर्स डेपूटेशन से आने वाले कर्मचारी अपने विभाग के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

न्याय विभाग / राज्य सरकार के अन्य विभागों से ऐसे सेवानिवृत कार्मिक जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं हुई हो, की सेवाऐं 1 वर्ष की अवधि के लिए अथवा नियमित च.श्रे. कर्मचारी उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो, की कालावधि तक, तथा राज्य सरकार के विभागों में कार्यरत कर्मचारियों में से इस न्यायक्षैत्र में प्रतिनियुक्ति पर आने वाले इच्छुक कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं अधिमान्य ढंग से प्राथमिकता के आधार पर ली जावेगी। उक्त संवर्ग की सेवाऐं माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय से प्राप्त आदेशों / निर्देशों के अध्यधीन प्रभावी रहेगी। उक्त नियुक्ति पर राज्य सरकार (कार्मिक विभाग) के परिपत्र क्रमांक एफ.17(10)डीओपी / ए–II / 94 जयपुर, दिनांक 11–07–2017 के प्रावधान भी लागू होंगे। कार्मिकों से प्रतापगढ़ न्यायक्षैत्र के समस्त मुख्यालयों पर रिक्त पदों के अनुसार सेवाऐं ली जाएगी।

इच्छुक कर्मचारीगण / से.नि. कार्मिक, विज्ञप्ति के संलग्न आवेदन पत्र के प्रारुप में मय वांछित दस्तावेज, दिनांक 06.12.2023 दोपहर 12:30 बजे तक इस कार्यालय को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् आवेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
प्रतापगढ़ (राज.)
दिनांक :22–11–2023

क्रमांक – स्थापना / 2023 / 6491-6511

1. श्रीमान् रजिस्ट्रार जनरल महोदय, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर।
2. श्रीमान् रजिस्ट्रार (प्रशासन) महोदय, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर।
3. श्रीमान् जिला एवं सेशन न्यायाधीश................................।
4. जिला कलक्टर, प्रतापगढ़ को समस्त विभागों / पीएसयूएस में सूचित करने हेतु।
5. प्रतापगढ़ न्यायक्षैत्र के समस्त न्यायालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु सम्बन्धित न्यायालय ....
6. जिला जनसंपर्क एवं सूचना अधिकारी, प्रतापगढ़ को अपने नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
7. सिस्टम ऑफिसर कार्यालय हाजा को विभागीय साइट पर प्रकाशनार्थ।
8. नोटिस बोर्ड, अदालत हाजा।
9. आदेश / सम्बन्धित पत्रावली।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
प्रतापगढ़ (राज.)